nandgaon times julai-18-02.qxd 7/17/2024 11:59 PM Page 1

भाजपा राज में अधिकारियों के... पृष्ठ 2 | पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर समर्थ... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

गुरूवार, 18 जुलाई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 276, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


# छत्तीसगढ़ की चार प्रमुख रेल परियोजनाएं जल्द होगी शुरू

## रेल मंत्री ने परियोजनाओं पर तेजी से कार्य का दिया आश्वासन, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय रेल मंत्री से रेल परियोजनाओं पर की चर्चा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली में रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर राज्य की विभिन्न नई रेल परियोजनाओं पर चर्चा की। रेल भवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए रेल नेटवर्क के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस दौरान राज्य की चार प्रमुख रेल परियोजनाओं धर्मजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा नई लाइन परियोजना, अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना और रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना को जल्द शुरू करने का आग्रह किया।

**धर्मजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा नई लाइन परियोजना ( 240 किमी )**

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। यह पत्थलगाँव, कुनकुरी, जशपुर नगर, गुमला आदि महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ती है। यह उत्तरी छत्तीसगढ़ को झारखंड से जोड़ेगी। इस परियोजना के माध्यम से औद्योगिक (कोरबा) क्षेत्र को लोहरदगा से जोड़ने की योजना है। इसके अतिरिक्त, यह क्षेत्र को पूर्व में कोरबा और रांची के होकर मध्य भारत से जोड़ेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 16,000 करोड़ रुपए है।

**अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना ( 200 किमी )**

इस परियोजना की मांग आजादी से पहले 1925 में की गई थी। हालांकि, 1948 में मंजूरी मिलने के बावजूद यह परियोजना अब तक अधूरी रही। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना अंबिकापुर (उत्तरी छत्तीसगढ़) को बरवाडीह (झारखंड) से जोड़ेगी और परसा, राजपुर, चंदनपुर आदि महत्वपूर्ण शहरों को कनेक्ट करेगी। इस परियोजना के माध्यम से देश के उत्तरी और पूर्वी हिस्से में कोयला और अन्य खनिजों के परिवहन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 9000 करोड़ रुपए है।

**खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना ( 277 किमी )**

मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना देश के पश्चिमी क्षेत्र में एसईसीएल और एमसीएल कोयला क्षेत्रों की निकासी के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करती है। यह बिलासपुर और रायपुर स्टेशनों को बायपास करते हुए बलौदाबाजार क्षेत्र को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 8000 करोड़ रुपए है।

**रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना ( 140 किमी )**

रेलवे पहले से ही दल्ली-राजहरा-रावघाट 95 किमी नई रेलवे लाइन का निर्माण कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने सुझाव दिया कि इस लाइन को जगदलपुर तक बढ़ाया जाए, ताकि आदिवासी क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास किया जा सके। यह परियोजना छत्तीसगढ़ के खनिज समृद्ध क्षेत्र से इस्पात उद्योगों तक लौह अयस्क की निकासी के कुशल और पर्यावरण अनुकूल साधन प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 3500 करोड़ रुपए है। बैठक के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने इन परियोजनाओं की संभावनाओं और लाभों को स्वीकार किया और इन पर तेजी से काम करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएँ राज्य के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं और रेलवे मंत्रालय इन्हें प्राथमिकता देगा।



# हाईकोर्ट ने कहा-स्टिंग ऑपरेशन केस में मीडिया पर नहीं चला सकते मुकदमा

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** केरल हाई कोर्ट ने हाल ही में दिए अपने फैसले में एक स्टिंग ऑपरेशन करने वाले दो टीवी पत्रकारों को बड़ी राहत दी है और उनके खिलाफ शुरू किए गए आपराधिक मुकदमे को रद्द कर दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा है कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चौथा खंभा यानी मीडिया का होना जरूरी है। हम उस पर ऐसे केस नहीं चला सकते हैं। यह मामला सनसनीखेज सौर घोटाले से जुड़ा हुआ है।जस्टिस पीवी कुन्हिकृष्णन ने मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकारों के कामकाज पर रिपोर्टिंग करने या उसका स्टिंग ऑपरेशन करते समय प्रेस को कभी-कभी कानूनी सीमाओं को धुंधला करना पड़ सकता है। यह उसके काम का हिस्सा है क्योंकि जनता तक सही सूचनाएं पहुंचाना उनका कर्तव्य है और ईमानदारी से इसे पूरा किया जाना चाहिए। इसमें बाधा नहीं उत्पन्न करना चाहिए।बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस कुन्हिकृष्णन ने अपने फैसले में लिखा, स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चौथा स्तंभ आवश्यक है। यह सुनिश्चित करता है कि सत्ता का दुरुपयोग न हो और नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की जानकारी हो और उस प्रक्रिया में शामिल हों। चौथा स्तंभ काम कर रहा है या नहीं और उपरोक्त सिद्धांतों का पालन कर रहा है या नहीं, यह एक अलग बात है। लेकिन उपरोक्त लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उनकी ओर से कुछ ऐसी गतिविधियां हो सकती हैं, जिनकी कानून के अनुसार सामान्यतः अनुमति नहीं है। चौथे स्तंभ द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली ऐसी ही एक विधि है 'स्टिंग ऑपरेशन'। आईरा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने कहा कि देश की तमाम न्यायालय सुप्रीम कोर्ट भी पत्रकारों की अधिकारों और संरक्षण के लिए कटिबंध है इसके बावजूद भी मीडिया की मजबूरी कहे या सरकारों के दबाव मीडिया निष्पक्ष निर्भीक काम नहीं कर रही है उनके अधिकारों का अलग-अलग राज्यों में चुने हुए सरकारे दमन करने पर तुली हुई है उन पर फर्जी केसेस दर्ज किए जा रहे हैं पत्रकारों की सरकारी पहचान अब तक नहीं बनी है यूट्यूब और डिजिटल मीडिया के युग में पत्रकारों की



बेतहाशा भीड़ हो गई है यहां पर पत्रकारों की पहचान की संकट आ चुकी है कई माफिया अपराधी प्रवृत्ति के लोग पिछले दरवाजे से घुसकर मीडिया की आड़ में भय दोहन कर अवैध उगाही धमकी चमकी जैसे वारदातों को अंजाम दे रहे हैं ऐसे ही भीड़ तंत्र मीडिया की वजह से पिछले वर्ष यूपी के खूंखार बाहुबली पूर्व सांसद अतीक अहमद एवं उसके भाई अशरफ को तथाकथित मीडिया कर्मी बनकर अपराधियों ने धड़ाधड़ गोली चला कर दोनों भाइयों की जान ले ली जबकि दोनों माफिया ब्रदर देश में गद्दार देश पाकिस्तान की कुछ संगठित अपराधों की पोल खोलने वाले थे प्रयागराज में उनकी पेशी के दौरान पुलिस कस्टडी में गंभीर वारदात में दोनों की मौत हो गई आमतौर पर देखा जाता है कि छत्तीसगढ़ सहित बहुत सारे प्रदेशों में किसी राजनेता या अधिकारियों के सामने मीडिया की माइक की भरमार रहती है लेकिन असल में कितने न्यूज़ चैनल है कितने पोर्टल है इसकी तक पड़ताल नहीं हो पाती जिसका फायदा अपराधिक मनसा पाले हुए लोग उठा रहे हैं आज मीडिया के आड़ में ज्यादातर क्राइम हो रहे हैं दूसरी ओर स्टिंग ऑपरेशन जैसे चीज लगभग गायब सी हो गई है 2005 में ऑपरेशन दुर्योधन जो कि संसदीय इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन था उसके बाद जैसे स्टिंग ऑपरेशन की अकाल सी हो गई है न्यूज़ मीडिया हाउस क्यों भ्रष्टाचारियों को बेनकाब नहीं कर रही है यह बड़ा गंभीर सवाल है जिस पर मीडिया कर्मियों को चिंतन करने की आवश्यकता है इसी तरह मीडिया आज धंधा पानी की तरह से हो गई है जिसमें नफा नुकसान देखा जा रहा है यही वजह है कि गैर पत्रकार लोग धड़ाधड़ इसमें प्रवेश कर रहे हैं चंद पैसों के लिए राज्यों के स्टेट ब्यूरो माफिया अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को चैनल की माइक आईडी दे रहे हैं जिसका जम कर दुरुपयोग किया जा रहा है मीडिया की आड़ में व्यक्तिगत स्वार्थ लाभ ले रहे हैं सरकारों को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा अन्यथा लोकतंत्र का चौथा खंभा अति शीघ्र धराशाई होने के कगार पर है।

# अवसरवादी नेताओं से बचकर रहे पत्रकार सच्चाई छापा तो तकलीफहोती है तारीफकरो तब पत्रकार मानते हैं हेमंत वर्मा प्रदेश अध्यक्ष आईरा

**राजनंदगांव (नादंगांव टाइम्स)।** पत्रकारों के अंतरराष्ट्रीय संगठन आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर एसोसिएशन के छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने पत्रकारों से आग्रह है कि वह अवसरवादी नेताओं से बचकर रहे खबरों को लेकर किसी भी तरह की समझौता न करें आमतौर पर देखने में आता है कि राजनीतिज्ञ व्यक्तियों को मीडिया की सुर्खियों में बने रहने में बड़ा आनंद आता है लेकिन जब इस व्यक्ति की सच्चाई पत्रकार उजागर करते हैं तब वह उसे काटने दौड़ते हैं इतना ही नहीं फर्जी केस और पुलिस प्रकरणों में दबाव बनाकर पत्रकार के ऊपर कारवाई करने से भी नहीं चुकते हैं देश में संसद हो या विधायक अगर मीडिया न्यूज़ चैनल या पत्रकार उस विधायक के संसद के बारे में खबर प्रकाशन ना करें या चैनलों में ना चलाएं तो कोई एक बच्चा भी उस नेता को नहीं पहचान पाएगा लेकिन वह मीडिया ही है जिनके कारण वह प्रसिद्ध को पाता है लेकिन प्रसिद्धि पाने की आत्म विश्वास से लबरेज यही भ्रष्ट राजनीतिज्ञ जब सच्चाई प्रकाशन कर दो तब काटने को दौड़ते हैं पत्रकारों को अवसरवादी नेताओं की पहचान कर समाचारों का प्रकाशन करना चाहिए।

# कोतवाली थाना अब दिखेगा पहले से ज्यादा हराभरा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हरियर राजनंदगांव हरियर छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में पूरे अमले ने थाना परिसर में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया। आज



किया गया वृक्षारोपण के दौरान जमकर बारिश होने से रोपे गए पौधे के आसानी से जड़ पकड़ लेने की उम्मीद बढ़ गई है। इसी के साथ पूरे स्टाफ ने प्रत्येक पौधा का विशेष रखरखाव करने का संकल्प लिया। रोपे गए सभी पेड़ फलदार और छायादार प्रजाति के है।

वृक्षारोपण के दौरान नगर पुलिस निरीक्षक श्री साहू ने कहा कि हरे भरे वृक्ष धरती माता का श्रृंगार होते हैं। इन वृक्षों की शरण में आकर मनुष्य पशु पक्षी सहित तमाम तरह के जीव जंतु सुख पाते हैं। इसीलिए वृक्षारोपण को महान कार्य कहा गया है। इसकी महत्ता शास्त्रों में भी मिलती है। थाना प्रभारी श्री साहू ने सभी का ध्यान खींचते हुए यह कहा कि कोतवाली थाना परिसर में आज जो पीपल का बड़ा पेड़ देख रहे हैं। उसे भी वर्षों पहले किसी न किसी भले मानुष ने लगाया रहा होगा। उसकी छाया में आप हम और आम आदमी विश्राम करते हैं। पशु पक्षी इनकी छांव में आकर थकान मिटाते और सुख पाते हैं।

# नये तहसील कुमर्दा में कोतवाल संघठन कार्यकारिणी सदस्य घोषित किए गये



## निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** जिला राजनांदगांव के छुरिया ब्लाक अंतर्गत आने वाले नवीन तहसील कुमर्दा में कोटवार संघठन की नई कार्यकारिणी घोषित की गई जहां जिले के पदाधिकारियों के मौजूदगी में बैठक रख चुनाव प्रक्रिया किया गया। जहां नये तहसील अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के कोटवारों को दिन मंगलवार को नये तहसील कुमर्दा के कोटवार पदाधिकारी घोषित किए गये। आपको बता दें चुनाव में शामिल जिला राजनांदगांव से जिला अध्यक्ष शिवकुमार चौहान कोषाध्यक्ष दिन बंधु, उपाध्यक्ष कौशल कुमार धगेश, सह सचिव गोविन्द सोनवानी , डोंगरगांव अध्यक्ष हिरालाल रामटे ?के व डोंगरगढ़ अध्यक्ष व कुमर्दा तहसील के समस्त सदस्य के बीच अध्यक्ष, उपा अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री, मिडिया प्रभारी,सलाहकार,महामंत्री, का चुनाव सर्व सहमति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया। जहां



अध्यक्ष- सनमुख दास मानिकपुरी, उपाअध्यक्ष-मनोज कुमार लेन्झारे, सचिव-कलीराम मेश्राम, कोषाध्यक्ष -भीमराव रंगारी, संगठन मंत्री- शारदा बाई, मिडिया प्रभारी- रामेश्वर जामुरिया, सलाहकार - रामचन्द, महामंत्री- संतोषी, सह सचिव - नरेन्द्र बघेलको चुना गया।

# आदिवासी युवक की मौत पर कांग्रेस ने किया जांच समिति का गठन

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** पशु क्रूरता मामले में आरोपी बनाए गए युवक की इलाज के दौरान हुई मौत एवं उसके पश्चात मृतक के खिलाफ की गई साजिश का खुलासा होने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस विधायक दल एवं वरिष्ठ नेताओं की एक जांच समिति बनाई है। समिति को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि, पुलिसिया प्रताड़ना से आदिवसी युवक की हुई मौत की जांच हेतु समिति का गठन किया गया है। पुलिस पर आरोप लगाते हुए पत्र में आगे कहा गया है कि डोंगरगढ़ थानांतर्गत ग्राम बेलगांव निवासी आदिवासी युवक के खिलाफ सोशडुल मीडिया पर वायरल फेक न्यूज को आधार बनाकर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा प्रताड़ित किये जाने से हुई मौत की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने विधायक इंद्रशाह मंडावी के नेतृत्व में छः सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति में इंद्रशाह मंडावी विधायक-मोहला मानपुर संयोजक, कुंवर सिंह निषाद सदस्य श्रीमती हर्षिता बघेल विधायक-डोंगरगढ़ विधायक-बिन्द्रानवागढ़ सदस्य, के. आर. शाह आदिवासी कांग्रेस सदस्य, भागवत साहू, जिला अध्यक्ष-राजनांदगांव सदस्य होंगे। जांच समिति के सदस्यों से कहा गया है कि, वे अविलंब प्रभावित गांव का दौरा कर मृत आदिवासी युवक के परिजनों तथा ग्रामवासियों से भेंट / चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें।

# महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी का गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्रीमतपरमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोणित ब्रह्मनिष्ठ अनंत श्री विभूषित, आनंद कृष्ण धाम, हरिद्वार के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी का संस्कारधानी नगरी में आगमन आगामी 19 जुलाई को होने जा रहा है। वे यहां गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे। यहां श्री अग्रसेन भवन में शिष्यों द्वारा पूज्य गुरुदेव भगवान का पूजन किया जाएगा।गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राजनांदगांव में पूज्य स्वामी जी के लगभग 200 शिष्य निवास करते है। यहां के शिष्यों के आग्रह पर स्वामी जी इस वर्ष का गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम राजनांदगांव में करने का निर्णय लिया है। इस दौरान पूरे देशभर में फैले अनेक शिष्यों का आगमन राजनांदगांव में होने जा रहा है। पूरे आयोजन की सफलता के लिए स्थानीय शिष्यों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। श्री लोहिया ने बताया की गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई 2024 रविवार को श्री अग्रसेन भवन, राजनांदगांव में आयोजित किया गया है।



सुबह 09: 00 बजे पूज्य गुरुदेव भगवान द्वारा गुरु की महत्ता विषय पर प्रवचन होगा, 10:00 बजे पूज्य स्वामी जी द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य जी एवम सदगुरुदेव जी का पूजन किया जाएगा। 10:30 बजे से शिष्यों द्वारा पूज्य गुरुदेव भगवान का पूजन विधि विधान से किया जाएगा। दोपहर 12:00 बजे आरती होगी। महोत्सव को भव्यता प्रदान करने एवम व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु गुरुदेव भक्त मंडल के सदस्यो की एक महत्वपूर्ण बैठक समिति के सदस्य डा.कल्याण साहू के निवास में संपन्न हुई। बैठक में पूज्य गुरुदेव भगवान के आगमन, आवास व्यवस्था, मंच साज सज्जा, गुरु पूजन, गुरु प्रसादी की व्यवस्था की जानकारी दी गई। बाहर से आने वाले गुरु भाई एवम बहनों के आवास इत्यादि की समुचित व्यवस्था श्री सत्यनारायण धर्मशाला में की गई है। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार पूज्य गुरुदेव भगवान की आवास व्यवस्था डा.कल्याण साहू के निवास, रघुवर मार्ग, केशर नगर, राजनांदगांव में रहेगी। बैठक में प्रमुख रूप से गौरीशंकर शर्मा, गजानन शर्मा, अशोक लोहिया, डा.कल्याण साहू, लक्ष्मण लोहिया, बाबूलाल अग्रवाल, हितेंद्र शर्मा हित्तू , पवन लोहिया, श्रीमती संगीता चंद्रकांत जोशी एवम श्रीमती भारती कल्याण साहू उपस्थित हुए। सभी ने महोत्सव को धूमधाम से संपन्न करने का निर्णय लिया है।

## खैरागढ़ विधायक सहित कांग्रेस संगठन के नेताओं ने लगाया आरोप

# भाजपा राज में अधिकारियों के संरक्षण में हो रहा अवैध काम

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** विधायक सहित कांग्रेस संगठन के नेताओं ने पत्रवार्ता में सनसनीखेज आरोप लगाते हुये कहा हैं कि बीते कुछ माह से जिले में अधिकारियों के संरक्षण में अवैध काम हो रहे हैं जिसके लिये भाजपा के जनप्रतिनिधि और नेता जिम्मेदार हैं। वार्ता में गरीब, किसान, युवा वर्ग के साथ अन्याय को लेकर कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। भाजपा की विष्णु देव साय सरकार पर किसान, गरीब, व्यापारियों, युवाओं के साथ पर्यावरण विरोधी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुये विधायक यशोदा वर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलांबर वर्मा, जिला युकांध्यक्ष गुलशन तिवारी, जिंप सभापति विप्लव साहू, नपा उपाध्यक्ष रज्जाक खान, दीपक देवांगन, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, रविंद्र सिंह, नदीम मेमन, सुमित जैन, सुमीत टांडिया, छुईखदान ब्लाक अध्यक्ष रामकुमार वर्मा, सूर्यकांत यादव, नित्यशरण सिंह, राजा सोलंकी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने सांझा बयान में कहा कि छुईखदान ब्लाक के विचारपुर, पंडरिया, बुंदेली के बीच नये सीमेंट प्लांट खुलने से खेती किसानी चौपट होने की आशंका से किसानों के विरोध प्रदर्शन के बाद भी उनकी मर्जी को दरकिनार कर प्लांट खोलने की तैयारी की जा रही है। जमीन दलाल किसानों को बहकाकर जमीन खरीद रहे है। मामले में वस्तुस्थिति को सार्वजनिक करने युका व एनएसयूआई इन गाँवों में जाकर हस्ताक्षर अभियान चलायेगी और यह पता करेगी कि प्लांट खोलने के पक्ष में कितने लोग है ताकि यह पता चले कि विष्णुदेव साय सरकार उनसे किस हद तक जाकर छल करने में आमदा है। विधायक यशोदा सहित कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि नेताओं और अधिकारियों के संरक्षण में जिले भर में अवैध काम हो रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पर्यावरण की रोकथाम के लिये लाल ईटों के निर्माण पर प्रतिबंध होने के बावजूद जिले में नदी किनारे की रेत मिली मिट्टियों का मनमाफिक्र तरीके से निकाला जा रहा है जिसके कारण नदियों का कटाव हो रहा है। ईट पकाने जंगल से हरे भरे पेड़ों को काटा जा रहा है और राजस्व, खनिज व वन विभाग मूक दर्शक बना हुआ है। एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाने वाली भाजपा का दुहरा चरित्र इससे प्रदर्शित हो रहा है। रेत, गिट्टी, के अवैध परिवहन और खनन को लेकर साक्ष्य सहित शिकायत करने के बाद भी विभाग बड़े कारोबारियों को दरनकिनार कर छोटों को पकड़कर खानापूर्ति कर रहा है। विभागीय अधिकारी कारवाई करने से बचने नित नये नये हथकंडे अपना रहे है जिसके कारण शासन को लाखों रूपयों की रायल्टी नुकसानी हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बार-बार ज्ञापन, आवेदन और शिकायत के बाद भी कारवाई नहीं हो रही है जिसके चलते कांग्रेस आम लोगों के हित को लेकर सड़क पर उतरेगी और चक्का जाम कर विरोध दर्ज कराएगी।



**जिले की विभिन्न समस्याओं और मुद्दों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस**

**कांग्रेस सरकार में जहां स्कूल और कॉलेज खुला वहां शराब दुकान का प्रपोजल बना रही सरकार भाजपा**

वार्ता में विधायक ने कहा कि जालबांधा में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने आत्मानंद उत्कृष्ट शाला और कालेज खोला। बाजार अतरिया में नए कालेज का शुभारंभ हुआ वहीं वनांचल के पैलीमेटा में हायर सेकंडरी स्कूल की सौगात दी लेकिन विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार इन स्थानों पर शराब दुकान खोलने की तैयारी कर रही है। उदयपुर की सैकड़ो महिलाओं ने आवेदन देकर आबकारी विभाग से सवाल किया और जवाब मांगा कि क्या जालबांधा, बाजार अतरिया, कुकुरमुड़ा, ठेलकाडीह, गातापार जंगल और पैलीमेटा में विभाग शराब दुकान खोलने की तैयारी कर रही जिसका जवाब नही दिया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उन्हे जानकारी मिली है कि महतारी वंदन का पैसा वापस लेने साय सरकार प्रदेश के गाँव-गाँव में 279 शराब दुकान खोलने जा रही है।

# डॉ रमन सिंह की अनुशंसा से मंडी बोर्ड ने निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की

## व्यापारी एवं कृषकों ने अभिषेक सिंह एवं डॉ रमन सिंह का आभार व्यक्त किया

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश की बड़ी कृषि उपज मंडियों में शुमार रखने वाली राजनांदगांव की कृषि उपज मंडी अपने निर्माण के बाद लगातार उपेक्षा का दंभ झेल रही थी। विदित हो कि राजनांदगांव में डॉ रमन सिंह ने मंडी की विशाल संरचना स्थापित की थी, उस समय मंडी समिति के उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत थे। परंतु बाद में शासन ने मंडी समिति की व्यवस्था को ही भंग कर दिया था, जिसके चलते मंडी लगातार राजनीतिक उपेक्षा का शिकार होती रही, जिसके कारण व्यापारी एवं कृषक गण अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसते रहे, विगत 5 वर्षों में कांग्रेस के शासन में कोई भी नया कार्य नहीं हो पाया। इसी परिपेक्ष में कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव की अनाज मंडी प्रांगण एवं थोक सब्जी मंडी प्रांगण में प्रस्तावित विभिन्न निर्माण कार्यों की परेशानी व्यापारी एवं कृषकों ने बताई थी, जिस संबंध में कलेक्टर राजनांदगांव एवं प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड की साधारण बैठक 12



मार्च 2024 को तय किए गए प्रस्ताव में 9 विभिन्न निर्माण कार्यों की रूपरेखा बनाई गई तथा इस संबंध में व्यापारियों ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से चर्चा की थी। वर्तमान में निर्माण कार्यों के प्रस्ताव पर डॉ रमन सिंह की अनुशंसा होते ही प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड द्वारा मंडी निधि से 4 करोड़ 41 लाख की राशि की स्वीकृति प्रदान गई की गई, जिससे मंडी समिति के व्यापारी एवं कृषको में हर्ष व्याप्त है, सभी ने आज विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय पहुंचकर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का एवं डॉ रमन सिंह का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडी समिति के अध्यक्ष शेख मोहम्मद, उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, सचिव अजय जायसवाल, अक्कू भाई, बंटू भाई, राहुल जायसवाल, मुरली फावानी, संजय तेजवानी, चंदन जायसवाल एवं शमी सहित कई कृषक मौजूद थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, अतुल रायजादा एवं रोहित चंद्राकर उपस्थित थे.

**इन कार्यों की स्वीकृति प्रदान हुई**

विभिन्न 9 प्रस्ताव पारित हुए जिसमें प्रमुख रूप से यूरिनल टॉयलेट के लिए 21.65 लाख कवर्ड शेड के लिए 75.89 लाख, साइकिल स्टैंड के लिए 7.81 लाख, 200 मैट्रिक टन गोदाम के लिए 12.78 लाख, कवर्ड शेड कैंटीन ऑफिस विभिन्न रिपेयरिंग टॉयलेट कृषक विश्राम ग्रह के लिए 18.71 लाख, लैंडस्कैपिंग कार्य के लिए 14.4 लाख, व्यापारी विश्रम ग्रह के लिए दो करोड़ 27 लाख , व्यापारी 20 दुकानों के लिए 43 लाख, पानी टंकी 50,000 लीटर के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव के लोकप्रिय सांसद श्री संतोष पाण्डेय जी आज दिनांक 16.7.2024 को होटल गुजरात इन में आकर सौजन्य भेट दी। होटल गुजरात इन में उनका आत्मीय स्वागत , व अभिनंदन किया गया।**

## हमर हरियर डोगरगांव अभियान में थाने परिसर में वृक्षारोपण किया

**डोंगरगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार सभी थाने में वृक्षारोपण 17.जुलाई को प्रस्तावित था



, इस तारतम्य में थाना डोंगरगांव परिसर में वृहद वृक्षारोपण कर पुलिस स्टाप द्वारा सराहनीय योगदान दिया। वृहद वृक्षारोपण के तहत सागौन बरगद, पीपल, गुलमोहर, आम, करौंदा, करंज आदि पौधे का रोपण किया गया । पुलिस स्टाप द्वारा इस पौधारोपण के साथ ही साथ उनकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी ली गई है वृक्षारोपण कार्यक्रम मे थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह एस आई दिनेश कुमार धृतलहरे, भानू प्रताप यादव लाभा राम ध्रुव ए एस आई विजय साहू देव कुमार रावटे ईश्वर यादव रविशंकर पैकरा आरक्षक भूपेंद्र कोचे प्रकाश चंद्रवंशी बद्री दिनकर कल्पना संदीप देशमुख आशा राम ध्रुव नंद कुमार मंडावी ओमकार कुर्रे जीतेश साहू चंद्रपाल कौशल सुधाकर राकेश साहू गुलशन कंवर महत सिंग वीरेंद्र मंडावी अभिलाषा राजकुमारी भुमिका यादव सहित आम नागरिक सम्मिलित हुए थे।

# नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी की होगी धमाकेदार एंट्री - भूपेश तिवारी

**कांग्रेस भाजपा को स्वीप करने की तैयारी**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आम आदमी पार्टी की नई कार्यकारिणी गठित हो चुकी है जिसमे प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू को मुख्य कमान दी गयी है नई कार्यकारिणी जिसमे 26 पदाधिकारियों की कोर कमेटी बनाई गई है कमेटी बनने के पश्चात युद्ध स्तर पर संगठन विस्तार व नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी ने बैठकों का दौर चालू कर दिया है इसके तहत राजनांदगांव लोकसभा की बैठक भी आज आहूत की गई थी जिसमे प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तम जायसवाल को राजनांदगांव लोकसभा के प्रभारी के रूप में विशेष जिम्मेदारी दी गयी है । आपको बता दे कि बैठक में मुख्यरूप से पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तम जायसवाल सहित महिला विंग के प्रदेश अध्यक्षा दुर्गा झा व भूत पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजीत विश्वकर्मा शामिल हुए। बैठक की शुरुआत में सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने अपनी नाराजगी जाहिर की जिसमे सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की नाराजगी को बड़ी गंभीरता के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष जायसवाल ने सुना व हर किसी



के सवाल का जवाब भी दिया व संगठन विस्तार व नगरीय निकाय चुनाव हेतु राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में आने वाले निगम,पालिका,नगर पंचायत में प्रभारी की नियुक्ति हेतु चर्चा की गई व संगठन में रिक्त नियुक्ति को लेकर जल्द ही प्रस्ताव बना कर देने के लिए लोकसभा अध्यक्ष व जिला अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है। श्री जायसवाल ने कहा है कि कार्यकर्ताओं की जो भी नाराजगी है उसे दूर किया जाएगा व उनके मान सम्मान में कोई कमी आगे भविष्य में देखने को नहीं मिलेगा उन्होंने राजनांदगांव निगम को लेकर मेनिफेस्टो तैयार करने के लिए लोकसभा अध्यक्षा चित्रा गुरुदेव व राजनांदगांव जिला अध्यक्ष से नाम मांगे व उन्होंने कहा कि यह निकाय चुनाव में जनता को मजबूत व अच्छा विकल्प आम आदमी पार्टी देगी व परम्परागत राजनीति को आम आदमी पार्टी का एक अदना से कार्यकर्ता परास्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभयेगा संगठन में पद लेने वालों को उन्होंने स्पष्ट कहा है कि जो पदाधिकारी नए नियुक्त होंगे वे चुनाव लड़ने से ज्यादा लड़वाने में फ़ेकस करेंगे तो ज्यादा अच्छा होगा। जिसमें उपस्थित रहे वरिष्ठ कार्य करता सर्वशिजीत भाटिया जी नायडू जी मनोज गुप्ता जी प्रदेश पूर्व यू थिंक महिला अध्यक्ष चंद्रमणि जी कोषाध्यक्ष अशोक चौबे जी प्रभांशु खोपड़िया गणेश जी जैन जी पवन पटवा जी इत्यादि भारी संख्या में कार्यकर्ता अपना उपस्थित दिए।

## शिशु संरक्षण माहज् ज92237 बच्चो को विटामिन ए एवं 97663 बच्चो को आयरन सिरप पिलाने का रखा गया है लक्ष्य

**कवर्धा।** कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में शिशु संरक्षण माह जिले में 19 जुलाई से 23 अगस्त 2024 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को निर्धारित स्थल पर सत्र आयोजित किया जाएगा। जिला नोडल अधिकारी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सलिल मिश्रा ने बताया कि 05 वर्ष से कम आयु के शिशुओं में कुपोषण जनित बिमारियों में कमी लाने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में 09 माह से 05 वर्ष तक के आयु वाले बच्चों को वर्ष में दो बार विटामिन ए अनुपूरण शिशु संरक्षण माह के माध्यम से दिया जाना है। शिशु संरक्षण माह के अंतर्गत सत्र आयोजन कर विटामिन ए की खुराक, आई.एफए.सीरफ डयू बच्चों का टीकारण, बच्चों का वजन,गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर पोषण पुर्नवास केन्द्र में आहार की प्रदायगी किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी एल राज द्वारा पालकों से अपील किया गया कि उक्त तिथियों में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों या आंगनवाड़ी केंद्रों में जाकर अपने बच्चों को विटामिन ए एवं आयरन सिरप की दवा अवश्य पिलाए।

**शुभांक**

**6-7-8**

**668-0 480-2**

**भाग्यांक**

**590-4 478-9**

# पटवारियों की हड़ताल को खैरागढ़ विधायक का मिला समर्थन

## धरना स्थल पहुंच यशोदा वर्मा ने कहा साय सरकार पटवारियों के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही



**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** भुईयां पोर्टल में गड़बड़ी सहित अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने विधायक यशोदा वर्मा को ज्ञापन सौंपकर सरकार तक संघ की मांग पहुंचानें और मांगों को पूरा कराने समर्थन मांगा। पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कांडे की अगुवाई में विधायक यशोदा वर्मा से मुलाकात करने पहुँचे संघ पदाधिकारियों ने इस दौरान अपना ज्ञापन सौंपते कहा कि पटवारी संघ की विगत वर्षों की मांगों समस्याओं का निराकरण नहीं होने, आनलाइन भुईया पोर्टल में हो रही गंभीर तकनीकी समस्याओं में सुधार कराने की मांग दोहराई। दौरान संघ पदाधिकारियों ने विगत वर्ष की हड़ताल के दौरान रहे मन आठ सुत्रीय मांगों के निराकरण नहीं होने, भुईया साफ्टवेयर में एनआईसी द्वारा अपडेट करने से पटवारियों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया। एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा जिले के प्रकाशपूर पटवारी विवेक परगनिहा पर रिश्वत लेने के मामले में बिना सबूत की गई कार्यवाही, सारंगढ़ पटवारी उमेश पटेल को कलेक्टर द्वारा बिना विकल्प खसरा विलोपन एवं डिजिटल हस्ताक्षर हटाने के आरोप में निलंबित किये जाने को भी गलत बताते संघ ने अनिश्चितकालीन

**हड़ताल में समर्थन मांगा।**

पटवारियों के ज्ञापन के बाद विधायक यशोदा वर्मा कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ अंबेडकर चौक में जारी पटवारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थल पहुँची और पटवारियों की मांगों को जायज बताते हुये कांग्रेस की ओर से समर्थन देकर संघ की मांगो को विधानसभा में उठाए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक वर्मा ने कहा कि पटवारियों की मांग वाजिब है और साय सरकार पटवारियों के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। दस दिन से हड़ताल के चलते जिले में किसानों सहित छात्र छात्राओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी शासन प्रशासन द्वारा हड़ताल को खत्म करने पहल नहीं करना सरकार की नाकामी है। विधायक वर्मा ने कहा कि सरकार की मंशा पटवारियों की मांगों को पूरा करने की नहीं है। विधायक श्रीमती वर्मा ने पटवारियों की मांगों को शासन तक पहुँचाने का भरोसा दिलाते एसीबी द्वारा की गई कार्यवाही की जांच कराने की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे, जिला युकाध्यक्ष गुलशन तिवारी, नित्य शरण सिंह, पटवारी संघ जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कांडे सहित संघ पदाधिकारी और जिले भर के पटवारी मौजूद रहे।

## वर्तमान भाजपा की डबल इंजन की सरकार में पूरे प्रदेश के पटवारी हड़ताल में : भुनेश्वर बघेल

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा वर्तमान भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने पूरे प्रदेश के पटवारी



हड़ताल में चले गए हैं इसके कारण खेती किसानी के दिन में किसानों को इस भाजपा सरकार में और समस्या का सामना करना पड़ रहा है सभी 32 सूत्री मांगों पर पटवारियों ने भुईया सॉफ्टवेयर में बहुत अधिक त्रुटियां और विसिंगती है कई कृषको का नाम गायब हो जा रहा है कई खसरा नंबर दूसरे के खाते में जाकर जुड़ जा रहे हैं नाम में पिता सेव करने पर पति हो जा रहा है ऑनलाइन प्रविष्टि गायब हो जा रही है यहां तक लिपिकीय त्रुटि होने पर उसमें भी पटवारी सुधार नहीं सकता श्याम यदि श्यामा हो जाता है तो उसको सुधारने के लिए एसडीएम कार्यालय में धारा 114, 115 के अंतर्गत आवेदन लगाना पड़ता है जो कार्य 10 मिनट में हो जाता उसे पूर्ण करने में महीनों और सालों लव जाता है इसी प्रकार ऑनलाइन कार्य के लिए पटवारियों का कंप्यूटर लैपटॉप प्रिंटर की सुविधा ना नेट सुविधा है भुवनेश्वर ने बताया इस आंदोलन से नामांतरण खाता विभाजन खरीदी बिक्री के कार्य रुक गए हैं बच्चों का आय जाती निवासी प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है राजस्व यायालय की कार्य शुरु पड़े हैं नजरी नक्शा के ना बन पाने के कारण अपराधों के चार्ज सीट न्यायालय में जमा नहीं हो पा रहे राजस्व पकड़ा का कार्य ठप्प पड़ गया है भूस्वामीत्व योजना के कार्य लटक गए हैं इसे लगातार राजस्व से संबंधित सभी मामले थम गए हैं भुनेश्वर ने बताया इन समस्याओं के चलते आज तक की गांव में बंदोबस्त त्रुटि सुधार नहीं हो पाई है भुनेश्वर ने बताया कि वर्तमान सरकार ड्रोन व अन्य माध्यमों से यह अडानी की जीओ कंपनी से पूरे प्रदेश की गिरदावरी करा रही है ताकि पूरे प्रदेश की जमीन का डाटा उसे मिल जाए और हो सकता है बदले में सरकार उसे भुगतान भी करे पर बिना बंदोबस्त रोटी सुधारें यह कार्य भी असंभव है भुनेश्वर ने कहा कि पटवारियों की किसान हित वह जनहित में ही गई समस्त मांगो का वह उनके साथ है वर्तमान भाजपा सरकार को पटवारियों की मांग पूरी करनी चाहिए ताकि राजस्व मामले सुचारु रुप से चल सके।

## ज्ञान मंथन

*1) वह नदी कौन-सी है जो एक विभ्रंश -घाटी से होकर बहती है?*
*2) स्कन्द पुराण में गढ़वाल को किस नाम से जाना जाता है?*
*3) एपीडा ने समुद्र के रास्ते किस देश को केले की पहली परीक्षण खेप के निर्यात की सुविधा प्रदान की?*
*4) हाल ही में किस देश के लक्जरी ब्रांड ब्रियोनी ने भारतीय बाजार में प्रवेश किया है?*
*5) सैय्यद मुश्ताक़ अली ट्रॉफी 2023 का पहली बार खिताब किसने जीता है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) नर्मदा (2) केदारखण्ड (3) नीदरलैंड (4) इटली (5) पंजाब

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर समर्थ अभियान के तहत संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ मे जागरूकता अभियान

### यातायात पुलिस खैरागढ़ द्वारा विश्व विद्यालय के छात्र /छात्राओं एवं अन्य लोगो को नवीन कानून की दी गई जानकारी



**जागरूकता कार्यक्रम मे सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं अन्य लोगों की रही उपस्थिति.**

**यातायात नियमों का पालन करने की गई अपील.**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस अधीक्षक केसीजी श्री त्रिलोक बंसल (भापुसे0) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मति नेहा पाण्डेय व अनुविभागीय अधिकारी श्री लालचंद मोहले खैरागढ़ के मार्गदर्शन मे जिला केसीजी मे व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा समर्थ अभियान के तहत संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ कैम्पस मे यातायात पुलिस खैरागढ़ द्वारा जागरूकता कार्यक्रम मे छात्रावास के छात्र / छात्राओं को नवीन कानून भारतीय न्याय सहिंता वाले वाहन न्यायिक प्रक्रिया से अवगत कराया. कार्यक्रम मे महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, अधिकार, अनुशासन, राहत, हिम्मत,गुड टच, बैड टच,हिट एंड रन, गुड सेमेरिटन, लैंगिक अपराधों से बालको संरक्षण अधिनियम,नशा न करने, साइबर अपराध की पूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए वचन बद्ध हो गाडी का पूर्ण दस्तावेज, बीमा, लाइसेंस,रखने एवं दोपहिया मे हेलमेट पहनने, चारपहिया मे सीटबेल्ट लगाने ,नाबालिग को वाहन चलाने न देने किसी भी तरह का सड़क दुर्घटना होने पर तत्काल लोगो की मदद करने जिससे गुड सेमेरेटीन (नेक व्यक्ति )के तहत लोगो को चिन्हाकित / नामांकित कर छ.ग. पुलिस के द्वारा समय -समय पर पुरुस्कृत किया जा रहा है जैसी योजनाओं के बारे में बता कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइस दिया गया । संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ मे आयोजित जागरूकता कार्यक्रम ने लगभग 110 छात्र /छात्राओं एवं अन्य लोगो की उपस्थिति रही. साथ ही छात्र-छात्राओं के द्वारा नवीन कानून एवं साइबर अपराध के संबंध में पूछे गए शंकाओं एवं सवालों का निराकरण भी किया गया।

## कबाड़ से जुगाड़ के साथ स्थाई स्वरोजगार की ओर कबीरधाम की ग्रामीण महिलाएं

**कवर्धा।** कबाड़ से जुगाड़ और उससे मिलने वाले स्वरोजगार का बेहतरीन उदाहरण कबीरधाम ज़िले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत



80 से अधिक ग्रामों में स्वच्छत्ता दीदियों द्वारा किये जा रहे घर-घर कचरा कलेक्शन में देखा जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रो को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर कचरा कलेक्शन कार्य के रूप में सामने आया है। जिसमें समूह के द्वारा चार से छ महिलाएं आपस मे जुड़कर घर-घर जाकर पुराना टीना लोहा प्लास्टिक जैसे अनुपयोगी सामानों को जिसे ग्रामीण फेक दिया करते थे उसे एकत्रित करते है। सेग्रीगेशन शेड में इससे लाकर अलग-अलग छटाई करते हुए इसे बेचकर आमदनी कमाने का जरिया बनाया जा रहा है। महिलाओं को उनके कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना स्वच्छ भारत मिशन एवं 15वें वित्त योजना के अभिसरण से सहायता दी गई। जिसमें मुख्य रूप से सेग्रीगेशन शेड का निर्माण किया गया जो कचरा कलेक्शन का केंद्र बिंदु बन रहा है। इस संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर कबीरधाम श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि ज़िले के बहुत से गाँव में 4 से 6 महिला स्वच्छग्रही घर-घर जाकर कचरा इकट्ठा का कार्य कर रहें है। इसके लिए महिला समूह को प्रोत्साहन स्वरूप 15 वें वित्त आयोग योजना से 3 हजार से 3500 रुपए तक महीने का प्रदाय की जा रही है। इसके अतिरिक्त ग्रामों में यूजर चार्ज लेने के लिए ग्राम सभा मे प्रस्ताव भी पारित कराया गया है। जैसे मध्यम वर्ग परिवार के लिए 20 रुपए प्रति महीना, बड़े दुकानदारो से 50 रुपए प्रति महीना निर्धारित किया गया है। यह राशि महिला समूह को आर्थिक मदद देगा जिससे कि वह इस स्वरोजगार के नए कार्य में आगे बढ़ सके।

## संविधान हत्या दिवस से हत्या शब्द हटाया जाए : खोब्रागढ़े

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अनेक आंबेडकरी संस्थाओं से जुड़े विश्व बौद्ध संघ के सचिव वरिष्ट समाजसेवी कन्हैयालाल खोब्रागढ़े ने कहा कि केन्द्र सरकार ने प्रत्येक 25 जून को ''संविधान हत्या दिवस'' मनाने हेतु नोटिफिकेशन जारी किया है । स्मरण रहे 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र एवं संविधान पर क्रूर आक्रमण किया था तब भारतीय संविधान में राष्ट्रीय संकट के समय आपातकाल लगाने का प्रावधान था किन्तु इंदिरा जी ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए देश के नामी - गिरामी नेताओं सहित निर्दोशों को कारागार में डाल दिया था । कुछ समय पश्चात आपातकाल हटाकर चुनाव कराए गए इंदिरा जी की भारी पराजय हुई और सत्ता से हाथ धोना पड़ा । देश में गैर कांग्रेसी सरकार पहली बार बनी । इसने चुन-चुनकर मीसा बंदियों को रेवडियाँ बांटी, मीसा बंदियों के सहायता के नाम पर सरकारी खजाना खोल दिया गया था । अब 50 वर्षो बाद केन्द्र की भाजपा गठबंधन सरकार आपातकाल को राजनीतिक हथियार बनाने 25 जून को ''संविधान हत्या दिवस'' मनाने का ऐलान कर चुकी हैं । सरकार आपातकाल को लेकर विरोध दिवस मनाएं इसमें कोई आपत्ति नजर नहीं आती लेकिन संविधान के साथ हत्या शब्द जोड़कर अपने अविवेक का ही प्रदर्शन कर रही हैं । वर्तमान सरकार के अनुसार आपातकाल में संविधान की हत्या की गई, यानी भारतीय संविधान मर गया । अब प्रश्न उठता है कि जब संविधान मर गया है, तो 1975 के बाद जो सरकारें बनी और चली तो क्या बिना संविधान के चली ? आज मोदी जी देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं, तो क्या बिना संविधान के बन गए ? आज न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा विधायिका और भारत की गौरवशाली सेना किसके माध्यम से कार्य कर रही है ? भारत संतों का देश है । भारतीय जनता पार्टी संतों-महात्माओं का बड़ा आदर करती है । संतों ने कहा है, इस शब्द में शब्दभेद है, शब्द के हाथ न पांव ! एक शब्द औषधी करें, एक शब्द करें घांव !! संविधान के साथ हत्या शब्द जोड़कर केन्द्र सरकार ने संविधान को मानने, चाहने वालों के हृदय में घांव कर दिया है । सरकार संविधान हत्या दिवस से हत्या शब्द हटाकर सद्बुद्धि का परिचय दें ।

## उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर दौजरी गांव के जल प्रदाय शुरू, पंप में हुआ सुधार, ग्रामीणों को मिलने लगा शुद्ध पेयजल

**कवर्धा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश पर कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने कबीरधाम जिले के विकासखंड कवर्धा के ग्राम पंचायत दौजरी के पम्प को शीध्र सुधार करने और गंदा, मटमैला पानी मिलने की शिकायत मिलने पर तत्काल संज्ञान में लिया और उन्हें सुधार के निर्देश दिए। पीएचई विभाग के अधिकारी और अमले को हैंड पम्प के पानी को जांच करने और पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर पीएचई विभाग द्वारा स्त्रोंतों का पानी सेंपल जल परीक्षण के लिए लिया गया है और अन्य सभी जलस्त्रोंतों का क्लोरिनेशन किया गया। गांव के पंप केबल में आई खराबी को ठीक कर जल प्रदाय प्रारम्भ कर दिया गया है। कार्यपालन अभियंता श्री जे. पी. गोंड ने बताया कि ग्राम पंचायत दौजरी की जनसंख्या 1638 है। ग्राम में कुल 5 हैंड पम्प और 10 पॉवर पंप स्थापित है। ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण किया गया है। विगत कुछ दिनों से पंप केबल में खराबी आ गई थी, जिसमें सुधार कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि गांव के सभी स्त्रोंतों का पानी सेंपल जल परीक्षण के लिए लिया गया है ।

## निधन



**संध्या श्रीवास्तव**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** एक बत्ती पांच रास्ता निवासी संध्या श्रीवास्तव 52 वर्ष का हृदयघात से मंगलवार रात निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार बुधवार को छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। वे विजय श्रीवास्तव की पत्नी थी। अपनें पीछे एक पुत्र, एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। श्रीमती श्रीवास्तव के निधन पर कायस्थ समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोक जताया है।

## उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर वनांचल क्षेत्रों में अभियान चलाकर किया जा रहा स्वास्थ्य परीक्षण

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा एवं आदिवासी बाहूल्य विकासखण्ड बोड़ला तथा पंडरिया सहित जिले के मैदानी विकासखण्ड कवर्धा और सहसपुर लोहारा के सभी ग्राम पंचायतों में जिला प्रशासन और स्वास्थ विभाग की टीम अलर्ट मोड में निरंतर कार्य कर रही है। राज्य शासन एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देशों पर अभियान चलाकर वनांचल ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर तथा सभी घरों में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य कर रही है। सर्वे के दौरान लक्षण पाए जाने पर इसके त्वरित उपचार भी प्रारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में 15 जुलाई को विकासखंड बोड़ला के स्वास्थ्य विभाग की टीम अलगदृअलग 29 ग्राम में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसी प्रकार 16 जुलाई को दुरस्त वनांचल क्षेत्रो के ग्रामों में शिविर लगाया गया। इसके साथ ही घरदृघर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इन सभी कार्यों की मॉनिटरिंग और निरीक्षण संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। बीमारियों के बचाव के लिए कबीरधाम जिले में कुंआ, हैण्डपंप, सोलर पंप सहित 13538 जलस्त्रोंतों का क्लोरिनेशन और स्वच्छता अभियान भी शुरू किया गया है। इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री बी एल राज ने बताया कि 15 जुलाई को स्वास्थ्य



विभाग द्वारा अलगदृअलग 29 ग्राम में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसके साथ ही चिल्फी सेक्टर और उसके अधीनस्थ सेक्सन चिल्फी, शीलतपनी ,झलमला ,रोल, रेगाखार, ब्रेन्डा, उसरवाही, सोनवाही, बोदलपानी,खारा में सुधा देवी नर्सिंग कालेज के 38 स्टूडेंट्स कवर्धा से प्राप्त टीम एवं दो आरएएम एवं सात आरएचओ और 18 सीएचओ एवं दो एमटीएल के माध्यम से घरदृघर सर्वे एवं जांच किया गया एवं चार सुपरवाइजर के द्वारा सुपरविजन किया गया। जिसमे ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिक्षा एवं पेयजल का उपयोग ,शुद्धिकरण, मलेरिया जांच, ओआरएस, जिंक पैकेज का वितरण एवं घोल बनाने की विधि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि चिरायु की दोनों टीम जिसमे मेडिकल ऑफिसर एवं पूरी टीम के द्वारा ग्राम सोनवाही एवं बहनाखोदरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजित कर स्वास्थ्य सेवा प्रदान किया गया एवं अर्बन एमएमयू टीम के द्वारा पूरा सहयोग प्रदान किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बोड़ला द्वारा स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी प्रकार रेगाखार सेक्टर के अधिनस्त ग्राम जामुनपानी, सरेन्डा, मराड़बरा, सुतिया, सरईपतेरा, चमारी, गिधनखार, घानीखुटा, छितपूरीकला, कन्हारी में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जांच के बाद लक्षण वाले मरीज को शिविर स्थल पर ही स्वास्थ्य सुविधाओं प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री राज ने बताया कि 16 जुलाई को विकासखंड बोड़ला के दुरस्त वनांचल क्षेत्रो में चार टीम बनाकर ग्राम सवरु, बोल्दा और माराडबरा, सिलियारी में सर्वे किया गया एवं स्वास्थ्य टीम में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सेक्टर सुपरवाईजर और मितानिन के द्वारा घरदृघर जाकर सम्पर्क किया गया एवं स्वास्थ्य शिक्षा, पेयजल का उपयोग, शुद्धिकरण, मलेरिया जांच, ओआरएस घोल बनाने की विधि, जिंक पैकेज का विरतण एवं दवाईयो का उपयोग आदि की जानकारी दी गई। ग्राम सरेन्डा में मोबाईल मेडिकल टीम द्वारा घरदृघर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं स्वास्थ्य शिक्षा दिया गया।

# धर्म समाचार....

## सावन में इन चीजों से करें भगवान शिव का अभिषेक, साढ़े साती से मिलेगी निजात

सावन का महीना देवों के देव महादेव को अति प्रिय है। इस महीने में भगवान शिव और मां पार्वती पृथ्वी लोक पर आते हैं। इस अवसर पर भगवान शिव संग मां पार्वती की प्रतिदिन विशेष पूजा की जाती है। साथ ही सावन सोमवार का व्रत भी रखा जाता है। इस दिन साढ़े साती से निजात पाने के लिए विशेष उपाय भी किए जाते हैं। ज्योतिष शास्त्र में न्याय के देवता शनिदेव को मोक्ष प्रदाता भी कहा जाता है। वर्तमान समय में शनिदेव कुंभ राशि में विराजमान हैं। इस राशि में शनिदेव 29 मार्च, 2025 तक रहेंगे। इस दिन शनिदेव कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में गोचर करेंगे। शनिदेव के कुंभ राशि में गोचर के दौरान तीन राशि के जातकों पर साढ़े साती चल रही है। मकर राशि के जातकों पर साढ़े साती का अंतिम चरण चल रहा है। वहीं, कुंभ राशि के जातकों पर साढ़े साती का दूसरा चरण चल रहा है। जबकि, मीन राशि के जातकों पर साढ़े साती का प्रथम चरण चल रहा है। ज्योतिषियों की मानें तो देवों के देव महादेव की पूजा करने से साढ़े साती का प्रभाव समाप्त हो जाता है। अगर आप भी



साढ़े साती से पीड़ित हैं, तो सावन सोमवार पर इन चीजों से भगवान शिव का अभिषेक करें। न्याय के देवता शनिदेव के आराध्य भगवान शिव हैं। आसान शब्दों में कहें तो स्वयं शनिदेव भी महादेव की उपासना करते हैं। भगवान शिव के वरदान से शनिदेव को न्याय करने का अधिकार प्राप्त हुआ है। अत: शिवजी की पूजा करने से शनिदेव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। इसके लिए सावन सोमवार पर स्नान-ध्यान के बाद गंगाजल में काले तिल मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें। इस समय महामृत्युंजय मंत्र का जप करें। साढ़े साती से निजात पाने के लिए सावन महीने में रोजाना स्नान-ध्यान के बाद गंगाजल में बेलपत्र मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें। इस समय शिव पंचाक्षरी मंत्र का जप करें। वहीं, पूजा के अंत में साढ़े साती से मुक्ति हेतु कामना करें। अगर आप शनिदेव को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो सावन सोमवार पर गंगाजल में साबुत उड़द मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से भी साढ़े साती से मुक्ति मिलती है। अगर आप धन पाना चाहते हैं या आर्थिक तंगी को दूर करना चाहते हैं, तो सावन के महीने में रोजाना गन्ने के रस से देवों के देव महादेव का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से धन संबंधी परेशानी दूर हो जाती है। अगर आप हनुमान जी को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो सावन सोमवार पर शहद से भगवान शिव का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से शनिदेव की कृपा साधक पर बरसती है। शनिदेव की कृपा से साढ़े साती का प्रभाव समाप्त हो जाता है।

### देवशयनी एकादशी आज और 22 से शुरू होगा सावन

आज आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी (देवशयनी या हरिशयनी) है। इस तिथि से चार माह के लिए विष्णु जी विश्राम करते हैं। इन चार महीनों को चातुर्मास कहा जाता है। इस एकादशी के बाद 22 जुलाई से शिव जी का प्रिय महीना सावन शुरू हो रहा है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, जब विष्णु जी विश्राम करते हैं, तब शिव जी इस सृष्टि का संचालन करते हैं। देवशयनी एकादशी के बाद सावन महीना शुरू होता है। इस पूरे महीने में शिव जी के लिए विशेष पूजा-पाठ की जाती है। इन दिनों में शिव जी के 12 ज्योतिर्लिंगों में दर्शन करने की परंपरा है। इस साल सावन माह सोमवार (22 जुलाई) से शुरू हो रहा है और सोमवार (19 अगस्त) को ही खत्म होगा। तिथियां घटने से सावन महीना 29 दिन का



रहेगा। 19 अगस्त को सावन की पूर्णिमा पर रक्षाबंधन मनाया जाएगा। इस महीने का पहला सोमवार 22 जुलाई को, दूसरा 29 को, तीसरा 5 अगस्त को, चौथा 12 को और पांचवां 19 अगस्त को रहेगा। पौराणिक मान्यता है कि सावन माह में देवी पार्वती ने शिव जी को पति रूप में पाने के लिए तप किया था। इस तप से प्रसन्न होकर शिव जी ने देवी की मनोकामना पूरी करने का वर दिया था। इस माह में किए गए देवी के तप की वजह से ही शिव जी को अपनी शक्ति वापस मिली थीं, माना जाता है कि इसी वजह से शिव जी को सावन माह विशेष प्रिय है। इस महीने में रोज सुबह शिव जी का अभिषेक करना चाहिए। शिवलिंग पर पतली धारा के साथ जल चढ़ाएं और ऊँ नम: शिवाय मंत्र का जप करें। शिवलिंग पर चंदन का लेप करें। बिल्व पत्र, हार-फूल, वस्त्र आदि से भगवान का श्रृंगार करें। जनेऊ, अबीर, गुलाल, भस्म आदि चढ़ाएं। धूप-दीप जलाएं। मिठाई का भोग लगाएं। शिव जी के मंत्रों का जप करें। इस महीने में शिव जी की कृपा पाने के लिए शिव जी के आराध्य देव श्रीराम के नाम का जप करना चाहिए। राम नाम का जप शिव जी की पूजा में भी कर सकते हैं। माना जाता है कि राम नाम का जप करने वाले भक्तों पर शिव जी विशेष कृपा करते हैं।




# जल है तब तक जीवन है, वृक्ष है तब तक जीवन है - डॉ. रमन सिंह

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एक पेड़ मां के नाम के तहत चलव बनाबो हरियर राजनांदगांव कार्यक्रम में हुए शामिल











**विधानसभा अध्यक्ष ने गांधी सभागृह परिसर में अपनी मां के नाम लगाया बरगद का पौधा**

**विधानसभा अध्यक्ष ने नगरवासियों को 300 से अधिक पौधों का किया वितरण**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा गांधी सभागृह में आयोजित एक पेड़ मां के नाम के तहत चलव बनाबो हरियर राजनांदगांव कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नगरवासियों को 300 से अधिक फलदार, छायादार और सुंगधित फूल के पौधों का वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गांधी सभागृह परिसर में अपनी माँ स्वर्गीय श्रीमती सुधा देवी सिंह के नाम बरगद का पौधरोपण किया। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय उपस्थित थे। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने भी अपनी माँ के नाम पर पौधा लगाया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पूरे देश में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत अच्छा कार्य किया जा रहा है। जल है तब तक जीवन है, वृक्ष है तब तक जीवन है। इसलिए जल संरक्षण एवं वृक्ष लगाना हमारे लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक चिंता में है। विश्व में पर्यावरण संरक्षण की ही बात की जा रही है। विश्व में जल संरक्षण एवं ओजोन परत में क्षति और कार्बन उत्सर्जन सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पेड़ काटने से मौसम में परिवर्तन आया है। जहां बारिश हुई तो बहुत होती है, नहीं तो महीने भर बारिश नहीं होती है। प्रकृति का नया-नया रूप देखने को मिल रहा है, उसके लिए हम सभी दोषी है। जंगल को कटने से बचाना है। उन्होंने कहा कि दुनिया के चारों तरफसमुद्र का पानी है। दुनिया में जितना पानी उपलब्ध है। उसका सबसे बड़ा हिस्सा 94 प्रतिशत पानी समुद्र के हिस्से में हैं। जिसका उपयोग पीने, खेती एवं अन्य उपयोग में नहीं ला सकते हैं। पृथ्वी के नीचे और नदियों, तालाबों का पानी रिसायकल होकर गिरता है। उन्होंने बताया कि 0.5 प्रतिशत ही पानी इस दुनिया के लिए उपयोगी है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज जब वृक्षारोपण की बात हो रही है। एक पेड़ अपनी माँ के नाम से लगाने से निश्चित रूप से भावनात्मक रूप से हम जुड़े हैं। उस प्रकृति से जुडऩे और बचाने के लिए हमारी भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके लिए हम सब का योगदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां से हम सभी एक-एक पेड़ ले जाएंगे और उचित स्थान में लगाएंगे। माँ के नाम पेड़ है तो इसलिए उसका रक्षा का दायित्व और कर्तव्य भी है। उसे हर साल बढ़ते हुए देखेंगे तो आपके जीवन में खुशहाली आएगी और माँ का आर्शीवाद मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम पेड़ आने वाली पीढ़ी के लिए लगाते हैं। किसी पीढ़ी ने पेड़ लगाया उसका फल आज हम ले रहे हैं। आप जो पेड़ लगाएंगे उसे आने वाली पीढ़ी आपको धन्यवाद देगी। इसकी शुरूआत हुई है, यह सतत चलता रहे। हमारा राजनांदगांव हरा-भरा रहे और पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर हो, इस दिशा में हम सब मिलकर काम करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश के साथ विदेशों में होने वाले सभी कार्यक्रम में विश्व को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विश्व को बताया कि भारत पूरी धरती को कुटुम्ब मानती है और पूरा विश्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री की जलवायु परिवर्तन व विविधता के विषय में चिंतन एवं वनों के संबंध में उनके विचारों को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश एक पेड़ माँ के नाम पर लगा रहा है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति के साथ समरसता रही है और इसके बिगडऩे पर देश व विश्व में विकृति आयी है। भारतीय संस्कृति में पेड़-पौधों, पशु-पक्षी, शिलाओं में जड़-चेतन की बात कही गई है और पूजा जाता रहा है। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि एक पेड़ से फल, फूल, छाया मिलती है और पेड़ों पर पक्षियों के लिए आशियाना भी बनता है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान से आज फिर से अपनी माँ को याद करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि हम रहे या न रहे लेकिन एक पेड़ से हम हमेशा याद किए जाएंगे। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम क्षेत्र में हरियर राजनांदगांव बनाने के लिए सतत रूप में कार्य कर रहे हरियर मित्र श्री दुर्गेश कुमार, श्री जागेश्वर वैष्णव, श्री सूरज कुमार देवांगन, श्री खिलेश्वर प्रसाद साहू, श्री कैलाश पूरी गोस्वामी, श्री हिमान्शु साहू को शाल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, श्री खूबचंद पारख, श्री नीलू शर्मा, श्री भरत वर्मा, श्री दिनेश गांधी, श्री संतोष अग्रवाल, श्री रमेश पटेल, श्री राजेन्द्र गोलछा, श्री कोमल सिंह राजपूत, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्री किशुन यदु, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, नगर निगम राजनांदगांव के पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, नगर निगम राजनांदगांव के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## घर मे घुस कर दिनदहाड़े पीड़ित को किया डंडे मारपीट

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** थाना डोंगरगांव ङ्क दिनांक 16.07.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के




निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब ,चोरी , मारपीट व अन्य गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है । दिनांक 13.07.2024 को रात्रि 11.00 बजे थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की उनके बेटा जो आरोपी के दुकान पर गुटका लेने गया था जिसे आरोपी खोमन रावटे के द्वारा पुरानी बातो को लेकर मां बहन की अश्लील गाली गलौच कर मारपीट किया , जिससे बचकर उनका लड़का खोमन रावटे के पड़ोसी के घर गया , आरोपी खोमन रावटे के द्वारा जान से मारने की नियत से पड़ोसी के घर घुसकर कमरे पर डंडा से मारपीट किया जिससे भेषराम के सिर पर चोंट लगकर खुन निकला है । जिससे आहत को ईलाज हेतु सीएचसी डोंगरगांव से हायर सेंटर भर्ती कर ईलाज किया जा रहा है । आरोपी को त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी को पुछताछ किया जो जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को भारतीय न्याय संहिता वर्ष 2023 की धारा-296 , 115, 351(2) ,333 क्कहस् 2023 के तहत गिर0 कर मान0 न्यायालय ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है । आरोपी से पुरे गांव भयभीत है । थाना डोंगरगांव का कार्य सराहनीय रहा है।

### बाबा श्री महाकाल जी के भक्तों का आज माहेश्वररी भवन में बैठक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी राजनांदगांव में पांच सोमवार को बाबा श्री महाकाल जी नगर के भ्रमण में निकलेंगे। सभी शिवभक्त, धार्मिक संस्थाओं व सामाजिक संस्थाओं की सहभागिता से यह कार्य पूर्ण हो इस निमित्त दिनांक 18 जुलाई, दिन गुरुवार को दोपहर 3.30 बजे माहेश्वरी भवन में बैठक रखी गई है, जिसमें आप सादर आमंत्रित हैं।



## नवरोपित पौधों एवं वृक्षों की देखभाल एवं सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान - मधुसूदन यादव

**राजनांदगॉव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के निकटस्थ ग्राम पंचायत गठुला में वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में किसुन यदु, नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम राजनांदगॉव उपस्थित रहें। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत गठुला के निवासियों के तत्वावधान में प्रात: 10 बजे से ग्राम पंचायत प्रांगण हाईस्कूल मैदान में किया गया। ग्राम पंचायत गठुला के प्रतिनिधि के रूप में सरपंच श्रीमती चित्ररेखा ठाकुर, उपसरपंच सुखीराम साहू, हेमलाल साहू, जनपद सदस्य श्रीमती ललिता साहू, पूर्व सरपंच गौरव बोरकर, टुकेश्वर साहू, घनश्यामदास साहू, शेखर विश्वकर्मा, मन्नूलाल श्रीवास, गोकुल साहू, रत्ना साहू, भुनेश्वरी साहू, चौनसिंह श्रीवास एवं पंचायत सचिव शिवेन्द्र सिंह बघेल सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। भाजपा नेताद्वय मधुसूदन यादव एवं किसुन यदु ने अपने करकमलों से नीम, कदंब, बादाम के 10 पौधों का रोपण ग्रामवासियों की मदद से किया। इस अवसर पर वार्डवासियों को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन ने कहा की केन्द्र एवं राज्य शासन के आव्हान पर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की मुहीम चलाई जा रही है, जिसमें हम सब को भी अपना योगदान देना है। उन्होंने ग्रामवासियों से नवरोपित पौधों एवं वृक्षों की देखभाल एवं सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखने की बात कही।



## कायस्थ समाज की बैठक सम्पन्न

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** कायस्थ संगठन छग कायस्थ महासभा के अध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव के द्वारा जिला मोहला



मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला मुख्यालय में एक बैठक आहूत की हुए थी, समाज के वरिष्ठ सदस्य बनवारी लाल श्रीवास्तव की उपस्थिति में आहूत बैठक में विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई, सामाजिक क्रियाशीलता के दृष्टिगत समाज के सक्रिय सदस्य भूपेंद्र श्रीवास्तव को संगठन का अध्यक्ष बनाए जाने की मांग की, समय समय पर सामाजिक गतिविधियां, बैठक व कार्यक्रम आदि के माध्यम से समाज को एकजुट किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया, बैठक में राकेश श्रीवास्तव, अजेय श्रीवास्तव, श्रीमती हेमलता श्रीवास्तव एवं समाज के गणमान्यजन उपस्थित थे।

# खैरागढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में डायरिया का प्रकोप 2 गर्भवती महिला, 3 बच्चे सहित 11 लोग बीमार

## दो गंभीर पीड़ितों को किया राजनांदगांव रिफर, नौ मरीजों का खैरागढ़ के सिविल अस्पताल में चल रहा उपचार

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** ब्लॉक के ग्राम मुंहडबरी सहित दिलीपपुर व ग्राम भरदाकला में डायरिया की शिकायत के बाद 16 मरीजों को स्थानीय सिविल अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। मुहडबरी में 9 लोग पीड़ित मिले सभी मरीज गांव के एक ही मोहल्ले के रहने वाले है। गांव से डायरिया के मरीज निकलने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में गांव में टीम भेज कर कैम्प लगाकर ग्रामीणों की जांच की जा रही है। इधर उपचाररत मरीजों में एक गर्भवती महिला के साथ बुजुर्ग महिला को स्थिति बिगड़ने के बाद राजनांदगांव शासकीय मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है।

**बोरिंग का पानी पीने से बिगड़ी हालत, पीएचई विभाग मस्त**

सिविल अस्पताल में उपचाररत मरीजों ने बताया कि वे सभी एक ही बोरिंग का पानी पीने और अन्य साधनों के लिये उपयोग करते हैं। इलाज के लिये भर्ती मरीजो मे भारती बघेल 24 वर्ष, पुनीता यादव 42 वर्ष, रुखमणि टंडन 20 वर्ष, संतोषी जांगड़े 20वर्ष, मुस्कान जांगड़े 14 वर्ष, जितेंद्र यादव 31, राम बिलास यादव 38, मंजु 30 और रोमला बाई 55 वर्ष शामिल हैं। इनमें से भारती बघेल गर्भवती है जिसे बेहतर इलाज के लिये और रोमला बाई को उम्र दराज होने के चलते मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया है। शेष मरीजों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। इस बीच चर्चा में ग्रामीणों ने बताया कि बोरिंग के आसपास गंदा पानी जमा हो रहा है। जिसके कारण डायरिया फैलने की आशंका जताई गई है। दूसरी ओर जिले में सफेद हाथी साबित हो रहा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) मस्त हैं। विभाग के आलाअधिकारियों को पानी की उचित जांच कराने की भी फुरसत नहीं हैं।



डायरिया की शिकायत के बाद सभी मरीजों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो मरीजों को रेफर किया गया है। मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है जिसके बाद ग्राम मुंहडबरी में गुरुवार को कैंप लगाया जाएगा।

**डॉ.पंकज वैष्णव, मेडिकल ऑफिसर सिविल अस्पताल खैरागढ़**

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com